तीन कोर्स में 160 सीटें बढ़ाई गईं

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज में अब बीएससी नॉन मेडिकल, बी.कॉम ऑनर्स व एमएससी फिजिक्स में दाखिला पाने वालों को सीटों की कमी महसूस नहीं होगी। लगातार बढ़ती मांग को देखते हुए प्रबंधन ने इन तीनों प्रमुख कोर्सों में 160 सीटें और बढ़ाने के लिए यूनिवर्सिटी से मंजूरी ले ली है।

कॉलेज के प्रॉचार्य डॉ.कृष्णकांत गुप्ता ने बताया कि इस सत्र से इन सीटों पर दाखिले शुरू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अब छात्रों को बीएससी नॉन मेडिकल में 80 सीट, बी.कॉम ऑनर्स में 60 सीट व एमएससी फिजिक्स में 20 सीट बढ़ाने की मंजूरी मिल गई है। इस कारण अब बीएससी नॉन मेडिकल में उनके पास 320, बी.कॉम ऑनर्स में 180 व एमएससी फिजिक्स में 60 विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे।